nandgaon times april-01-3.qxd 3/31/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

अंजली के अतिरिक्त खेलों इंडिया ... पृष्ठ 2 | ज़ोरिया यादव समाज का तहसील... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

बुधवार, 01 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 166, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नक्सल मुक्त भारत' की डेडलाइन के अंतिम दिन बस्तर और पूरे देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुई

11 करोड़ 16 लाख रूपये का 7.2 किलोग्राम सोना, 2 करोड़ 90 लाख नगद बरामद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज 31 मार्च 2026 की तिथि बस्तर और पूरे देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुई है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित 'नक्सल मुक्त भारत' की डेडलाइन के अंतिम दिन बीजापुर सहित पूरे बस्तर संभाग में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की बड़ी लहर देखी गई है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित नक्सल मुक्त भारत की डेड लाइन के अंतिम दिन बीजापुर में सबसे ज्यादा 25 नक्सलियों का आत्मसमर्पण और साथ में करोड़ों का नक्सली डंप भी बरामद किये जाने की खबर है। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में आज का दिन सुरक्षाबलों और सरकार की बड़ी जीत के रूप में दर्ज किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा नक्सलवाद के खात्मे के लिए तय की गई 31 मार्च 2026 की समयसीमा के आखिरी दिन नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बीजापुर में सामूहिक आत्मसमर्पण की बड़ी घटना सामने आई है। बीजापुर जिले में आज कुल 25 नक्सली कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफके वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन कैडरों में कई सक्रिय सदस्य शामिल हैं, जो लंबे समय से माओवादी विचारधारा से जुड़े थे।

14 करोड़ का 'खजाना' और हथियारों का जखीरा बरामद

इस घटना में सुरक्षा बलों को न केवल आत्मसमर्पण में सफलता मिली, बल्कि बीजापुर में एक बड़े नक्सली डंप को भी ध्वस्त किया गया। पुलिस को यहाँ से कुल 14.06 करोड़ रुपये मूल्य की सामग्री। जिसमें 2.90 करोड़ रुपये। सोना 7.2 किलोग्राम (बाजार मूल्य लगभग 11.16 करोड़ रुपये)। साथ ही 93 आधुनिक हथियार बरामद किए गए, जिनमें 4 एके-47 और 9 एसएलआर राइफलें भी शामिल हैं। बीजापुर के अलावा संभाग के अन्य जिलों में भी नक्सली पस्त नजर आए। इस दौरान दंतेवाड़ा में 5 कैडरों ने 8 एसएलआर हथियारों के साथ सरेंडर किया। वहीं सुकमा में 2 कैडर पकड़े गए, जिनसे एलएमजी, एके-47 और 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए। नारायणपुर में 1 लाख के इनामी नक्सली ने सरेंडर किया और एलएमजी बरामद की गई। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, आज छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलवाद का लगभग अंत हो चुका है। अब बड़े कैडर का कोई भी सक्रिय नक्सली क्षेत्र में शेष नहीं बचा है। वहीं आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। हाल ही में खूंखार नक्सली कमांडर पापा राव के आत्मसमर्पण ने भी नक्सलियों की कमर तोड़ दी थी, जिसके बाद निचले स्तर के कैडरों में सरेंडर करने की होड़ मच गई।

तृतीय लिंग की अहम बैठक व रैली का आयोजन

बेमेतजरा/राजनांदगांव/(नांदगांव टाइम्स)। मितवा समिति के तत्वावधान में 30 मार्च 2026 को जीवन रेखा फाउंडेशन, बेमेतरा एवं प्रदेशभर के तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) समुदाय के सदस्यों द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक, शांतिपूर्ण रैली एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में राज्यसभा एवं लोकसभा में पारित ट्रांसजेंडर एक्ट 2026 पर विस्तृत चर्चा की गई। समुदाय के सदस्यों ने अधिनियम के उस प्रावधान पर आपत्ति जताई, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को मेडिकल बोर्ड द्वारा सत्यापित करने की अनिवार्यता निर्धारित की गई है। उनका कहना है कि यह प्रावधान व्यक्ति के स्व-परिचय के अधिकार का उल्लंघन करता है। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने शांतिपूर्वक रैली निकालकर अपने अधिकारों एवं सम्मान की मांग को प्रमुखता से उठाया। बैठक में मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष विद्या राजपूत, रवीना बेहरा, गोविंद सड़ेकर तथा जीवन रेखा फाउंडेशन के योजना प्रबंधक डॉ. विकास मेश्राम सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए तृतीय लिंग समुदाय के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर उक्त प्रावधान का विरोध किया और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी बात रखी। इसके पश्चात ज्ञापन सौंपकर इस बिल को निरस्त करने की मांग की गई। इसके साथ ही बैठक में हाई रिस्क बिहेवियर की पहचान एवं समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बम्लेश्वरी ट्रस्ट द्वारा की गयी तालाब की सफाई

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। चैत्र नवरात्र पर्व के समापन के पश्चात श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा महावीर तालाब की सफाई की गयी। ज्ञात हो शहर के मध्य स्थित महावीर तालाब का समस्त धार्मिक पर्व में समस्त हिन्दू धर्मावलंबीयों द्वारा उपयोग किया जाता है। नवरात्र पर्व में श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित छोटी बम्लेश्वरी मंदिर शीतला मंदिर के साथ साथ शहर में स्थित प्राचीन दंतेश्वरी व काली माता मंदिर के ज्योत जवारा का विसर्जन महावीर तालाब में किया जाता है। इस वर्ष भी ज्योत जवारा का विसर्जन करने के पश्चात प्रतिवर्षानुसार श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा किनारे में स्थित लगभग 5 गाड़ी मिट्टी मलबा को निकलवाया गया।

ईमानदारी की मिसाल

ट्रेन में छूटी सोने की बाली रेल कर्मचारी ने सुरक्षित लौटाई

नागपुर/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में कार्यरत मुख्य टिकट निरीक्षक श्री राज कुमार ने कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया है। बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक महिला यात्री की सोने की बाली को उन्होंने न केवल सुरक्षित ढूंढा, बल्कि यात्रियों के विवरण निकाल कर उसे वापस भी सौंपा। रेलवे सूत्रों के अनुसार घटना 30 मार्च 2026 की है। गाड़ी संख्या 20846 (बीकानेर-बिलासपुर) में श्री राज कुमार बतौर 'ट्रेन कैप्टन' ड्यूटी पर थे। नागपुर स्टेशन से ट्रेन छूटने के बाद जब वे एसी प्रथम श्रेणी (HV) कोच के केबिन 'स्र' में निरीक्षण के लिए पहुंचे, तो उन्हें बेडशीट पर एक सोने की बाली पड़ी मिली। उन्होंने तत्काल कोच अटेंडेंट को बुलाकर उसे अपने संरक्षण में लिया। ईमानदारी का परिचय देते हुए श्री राजकुमार ने हैंड हेल्ड टर्मिनल (HHT) मशीन से यात्रियों का रिकॉर्ड चेक किया। पता चला कि संबंधित यात्री नागपुर स्टेशन पर ही उतर चुके थे। उन्होंने उपलब्ध नंबर पर संपर्क किया, जहां यात्री के पति ने बाली खोने की पुष्टि की। फोटो व्हाट्सएप पर भेजने के बाद यात्री ने अपनी संपत्ति की पहचान की। यात्री की सुविधा को देखते हुए श्री राज कुमार ने अपनी वापसी ड्यूटी (31 मार्च, गीतांजलि एक्सप्रेस) के दौरान नागपुर पहुंचने का समय दिया। वहां उन्होंने मध्य रेलवे की अधिकारी डॉ. सयाली द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बाली सुपुर्द कर दी। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह ने राज कुमार की इस सजगता की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारी भारतीय रेल की यात्री सेवा सर्वोपरि की भावना को जीवंत रखते हैं।

मुख्यमंत्री ने 370 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट (क्रस्) एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (ल्स्) एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से प्रारंभ हो गई हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी। इस पहल के अंतर्गत पहली बार प्रदेश में 5 नियोनेटल रुस् एम्बुलेंसों की शुरुआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सेवा राज्य की नवजात सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं को सुरक्षित रूप से उच्च स्तरीय उपचार केंद्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों में लगातार बढ़ा है, जहां उन्हें समय पर उपचार मिल रहा है। उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण एवं उन्नयन के कारण अब लोगों को छोटे-छोटे इलाज के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ रहा है।

महावीर जयंती में निकाली गई शोभायात्रा

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। भगवान महावीर जयंती नगर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा परंपरानुरूप नगर में भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली। जैन स्थानक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस जैन भवन में आकर समाप्त हुई । इस अवसर पर जैन समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे। नगरवासियो ने जैन समुदाय को भगवान महावीर जयंती की बधाईया दी।

रेत का तांडव : नेताओं की छत्रछाया में दिनदहाड़े लूटी जा रही पेटेश्री नदी, प्रशासन बेखबर या बेबस?

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पारागांवखुर्द में स्थित पेटेश्री नदी इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का अड्डा बन चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि बिना किसी वैध रॉयल्टी पर्ची के बड़े पैमाने पर रेत निकासी की जा रही है और यह पूरा खेल कथित रूप से राजनीतिक संरक्षण में खुलेआम संचालित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक अमला अब तक निष्क्रिय बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, सुबह से लेकर देर शाम तक ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी कतारें नदी से रेत ढोती नजर आती हैं। नियमों को ताक पर रखकर न तो खनन की अनुमति ली जा रही है और न ही किसी प्रकार की रॉयल्टी पर्ची दिखाई जाती है। ऐसे में शासन को लाखों रुपये के राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन में लगे लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें किसी कार्रवाई का भय नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पूरे अवैध कारोबार को कुछ प्रभावशाली नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठा है। इस अवैध गतिविधि का असर अब पर्यावरण पर भी साफ दिखाई देने लगा है। पेटेश्री नदी का स्वरूप लगातार बिगड़ता जा रहा है। अत्यधिक रेत निकासी के कारण नदी की गहराई और प्रवाह प्रभावित हो रहा है, जिससे जलस्तर गिरने की आशंका बढ़ गई है। इसके साथ ही आसपास के कृषि क्षेत्रों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों को डर है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में सिंचाई के लिए पानी की भारी किल्लत हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही नदी क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से खनन पर रोक लगाई जाए, ताकि पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को बचाया जा सके। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक प्रशासन इस अवैध खेल पर आंखें मूंदे रहेगा? क्या राजनीतिक दबाव के आगे नियम-कानून बेबस हो चुके हैं, या फिर जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? क्षेत्रवासियों की नजरें अब जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

nandgaon times april-01-3.qxd 3/31/2026 11:57 PM Page 2

महावीर जयंती पर शुष्क दिवस में भी साल्हेवारा मछली मार्केट में दिखी चहल-पहल

साल्हेवारा (नांदगांव टाइम्स)। महावीर जयंती के पावन अवसर पर घोषित शुष्क दिवस के बावजूद स्थानीय मछली बाजार में सामान्य

दिनों जैसी ही भीड़ देखने को मिली। जहां एक ओर शासन द्वारा इस दिन मटन मार्केट बंद रखने के निर्देश दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर साल्हेवारा के मछली बाजार में खरीदारी जोरों पर चलती रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार में न केवल आम नागरिक बल्कि कुछ पुलिसकर्मी भी मछली और मुर्गा खरीदते नजर आए। इससे प्रशासनिक व्यवस्था और नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुष्क दिवस का उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना होता है, लेकिन इस तरह खुलेआम बिक्री और खरीदारी होने से इसकी गंभीरता कम होती दिखाई दे रही है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

अनुभवी व्याख्याता ने जनगणना कार्य में ड्यूटी लगाने का किया आग्रह

राजनांदगाँव। आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

इसी क्रम में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला सुरगी में पदस्थ व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन प्रस्तुत कर जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी लगाने का आग्रह किया है। श्री शर्मा ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वे दिनांक 6 फरवरी 1995 से निरंतर शिक्षण कार्य कर रहे हैं तथा उन्हें लगभग 31 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के दौरान भी उनकी ड्यूटी विकासखंड छुईखदान में लगाई गई थी, जिसे उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ संपन्न किया था। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आगामी जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में उनकी ड्यूटी सुपरवाइजर पद पर लगाई जाए, ताकि वे अपने अनुभव का उपयोग करते हुए इस कार्य को सफलतापूर्वक निभा सकें। गौरतलब है कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य है, जिसमें अनुभवी कर्मियों की भूमिका अत्यंत अहम मानी जाती है।

2 अप्रैल को हनुमान जयंती पर महरूम कला में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महावीर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत महरूमकला में 02 अप्रैल 2026, गुरुवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। आयोजन समिति द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता की अपील की गई है। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं (रक्तवीरों) को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। च्मेरा गांव ङ्क रक्तवीरों का गांवज् की थीम के साथ इस आयोजन को विशेष रूप दिया गया है। रक्तदान पंजीयन के लिए इच्छुक व्यक्ति संजय वर्मा (उपसरपंच) से मोबाइल नंबर 9285338058 पर संपर्क कर सकते हैं। इस आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि सुखराम वर्मा, गांव प्रमुख अध्यक्ष कंवल सिंह जंघेल, उपसरपंच संजय वर्मा सहित रामचंद्र वर्मा, चितरेख वर्मा, रतन वर्मा (पंच), वीर सिंह वर्मा (शिक्षक), भारत वर्मा (शिक्षक), झुम्मण गुप्ता (पंच), डेरास राम यादव एवं मदन साहू सहित ग्राम के अन्य नागरिक सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। उक्त शिविर का आयोजन मदन साहू (रक्तवीर) बाला जी ब्लड बैंक, राजनांदगांव तथा ग्राम पंचायत महरूमकला एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान कर मानव जीवन बचाने के इस महाअभियान का हिस्सा बनें।

रेवाडीह में श्री हनुमान जी की भव्य मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा 2 अप्रैल को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। रेवाडीह वार्ड क्रमांक 21 में बूढ़ादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में



हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य मूर्ति स्थापना,प्राण प्रतिष्ठा एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन 2 अप्रैल को किया गया है। आयोजन समिति नवदिव्य मां दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से यह तीन दिवसीय आयोजन आयोजित है। जितेन्द्र कौशिक ने उक्त आयोजन के सम्बंध में बताया कि इस भव्य आयोजन में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है जिसमे 31मार्च-मंगलवार को कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, जल अधिवास, अन्न अधिवास, 1अप्रैल बुधवार को फल अधिवास, पुष्प अधिवास,2अप्रैल गुरुवार हनुमान जयंती को भगवान का महाअभिषेक पूजा, हनुमान चालीसा पाठ एवं शाम 5 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें समस्त हनुमान भक्त सादर आमंत्रित है।इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी में सदस्यगण खोरबाहरा साहू, कुम्भकरण यादव, राजू देवांगन, जितेन्द्र कौशिक,गामेंद्र नेताम, पार्षद प्रतिनिधि-मुकेश ध्रुव,सुरेन्द्र मंडावी, कुंदन साहू,मनोहर सिन्हा,जीतू साहू,उमेश राजपूत, सोनू राजपूत, भूपेन्द्र यादव लगे हुए हैं।

शुभांक
1-6-7
578-0 446-4
भाग्यांक
134-8 160-7

अंजली के अतिरिक्त खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी की तीन अन्य खिलाड़ियों रेवा कुलकर्णी, रूमी कोनवर एवं श्वेता सिंह चयनीत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में अध्ययनरत रेवाडिह वार्ड के कोडापे परिवार की प्रतिभाशाली छः बहनों में सबसे बड़ी अंजली कोडापे को चैन्नई में 10- 12 अप्रैल तक आयोजित चयन ट्रायल के लिए भारतीय बास्केटबॉल संघ ने आमंत्रित किया है। अंजली की माँ घरों में काम करती है और पिताजी ड्रायवर है। वे कुल छः बहने है उनमें चार अभी बास्केटबॉल खेलती है। अंजली के अतिरिक्त अन्य दो बहने अदिति कोडापे और पावनी कोडापे ने भी नेशनल लेवल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है । अदिति और अंजली ने सिंगापुर में आयोजित एन बी ए राइजिंग स्टार इन्विटेशनल इंटरनेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया है। कहते है छत्तीसगढ़ में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है बस उन्हें तलाशने और तराशने की जरूरत है ।

यह काम अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल द्वय कालवा राजेश्वर राव एवं उनकी पत्नी कालवा राधा राव ने किया । इन दोनों के प्रयासों से छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं वनांचल के कई खिलाडियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और पदक भी जीते है। इन्हीं क्षेत्रों के इनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाडी शासकीय नौकरियों में भी है। उन्होंने ट्रायबल वार्ड रेवाडिह में बास्केटबॉल कोर्ट बनवाकर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्रायमरी स्कूल रेवाडिह के बालक बालिकाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देना शुरू किया । साथ ही साथ वार्ड व आसपास के वार्डो के प्रतिभाशाली खिलाडियों को खोजकर उन्हें तराशने का कार्य प्रारंभ किया उसी का नतीजा है कि आज इन मैदानों और यहां प्रेक्टीस करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होने लगी। अंजली कोडापे, रुमी कोनवर, एवं श्वेता सिंह का चयन लुधियाना में आयोजित जुनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है जबकि रेवा कुलकर्णी एशियन बास्केटबॉल प्रतियोगिता डीवीजन ड्डड्ड में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय युवा महिला टीम की कप्तान रही है। ये सभी खिलाड़ी विभिन राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पदक विजेता है साथ ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता भी किये है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राधा राव एवं कालवा राजेश्वर राव प्रशिक्षण प्रदान करते हैं । अंजली एवं उनकी बहनें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह में अध्ययनरत थी। अंजली और उनकी बहन अदिति कोडापे एवं पावनी कोडापे के उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए उसे दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने अपने एडमिशन दिया । अंजली अपनी और अपनी बहनों की उपलब्धियों का संपूर्ण श्रेय अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव को देती है साथ ही वो शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह की अध्यापिका श्रीमती संजू मिश्रा को एवं स्कूल के प्रधान पाठक अनुपराम कंवर को धन्यवाद देते हैं कि उन दोनों के प्रोत्साहित करने के कारण ही सभी

बहनों को यह उपलब्धियाँ प्राप्त हो रही है । वे दोनों स्कूल एवं वार्ड की समस्त बालक बालिकाओं को भी खेलने के लिए प्रोत्साहित करते रहती है । जुनियर भारतीय बास्केटबॉल टीम के चयन ट्रायल के लिए आमंत्रित अंजली कोडापे और सभी बालिका खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों के लिए उन्हें तथा उनके अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव को बधाईयाँ।

विष्णु के सुशासन में गांवों का हो रहा चहुमुखी विकास : जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

50 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों हेतु रखी नींव

छुरिया। विकासखंड के ग्राम पंचायत गेरुघाट, किडकाड़ीटोला, मोरकुटंब, पांडेटोला में ग्रामीणों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा से जुड़े मूलभूत विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाई है । उपरोक्त निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले श्री सिन्हा ने भूमिपूजन किया,इस अवसर पर मुख्यरूप से उभे राम मंडावी जनपद सदस्य,ललेश्वरी धावड़े सरपंच गेरूघाट मौजूद रहे । एक संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि मेरे जनपद क्षेत्र के ग्राम मींगया टोला में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु 11.89 ग्यारह लाख,पूर्व माध्यमिक शाला भवन निर्माण हेतु 11.48 लाख,किडकाड़ीटोला में आंगनवाड़ी भवन हेतु 11.89 लाख, पांडेटोला मे पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 11.48 लाख रुपए स्वीकृति होने के पश्चात भूमिपूजन संपन्न हुवा है,आज हम सबके के लिए शुभ अवसर है,हम सभी के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। आंगनबाड़ी भवन और स्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन केवल एक निर्माण की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का दिन है। आंगनबाड़ी केंद्र हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए पहला शिक्षा और संस्कार का स्थान होता है। यहीं से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की शुरुआत होती है। जब एक सशक्त और सुरक्षित आंगनबाड़ी भवन बनेगा, तो हमारे बच्चों को बेहतर पोषण, शिक्षा और देखभाल मिल सकेगी। इसी प्रकार, स्कूल भवन का निर्माण हमारे बच्चों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक अच्छा स्कूल भवन न केवल पढ़ाई के लिए

बेहतर वातावरण देता है, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। यहां से निकलकर हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और अधिकारी बनकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। किसी भी समाज का विकास तभी संभव है जब उसकी शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो। आज जो कार्य हम शुरू कर रहे हैं, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगा। यह भवन केवल ईंट और सीमेंट से नहीं बनेगा, बल्कि इसमें हमारे सपने, हमारी आशाएं और हमारे बच्चों का भविष्य जुड़ा हुआ है । ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस निर्माण कार्य में सहयोग करें, इसकी गुणवत्ता का ध्यान रखें और इसे समय पर पूरा कराने में अपना योगदान दें। जब समाज और शासन मिलकर काम करते हैं, तब विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महाराष्ट्र मंडल बलदेव बाग द्वारा होली मिलन, रामनवमी और गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एक निजी होटल में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुई, जिससे पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बन गया। इस अवसर पर मंडल के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर त्योहारों की खुशियां साझा कीं। मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अवधनकर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि महाराष्ट्र मंडल के हर आयोजन की सफलता में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रीमती सुषमा शिल्लेदार, चित्रा हस्तक और मनोज शीरसागर ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें मंडल के कोषाध्यक्ष विवेक ढोक और सचिव संजू शेवलीकर ने सभी अतिथियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम ने न केवल त्योहारों की खुशियों को साझा करने का अवसर दिया, बल्कि सदस्यों के बीच आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत किया।

कलेक्टर ने पिपरिया में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

पदमराज सिंह ठाकुर

कुबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया के सभाकक्ष में बैठक लेकर पिपरिया में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि, राज्य प्रवर्तित मद तथा 15वें आयोग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति का बारीकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल सभापति, पार्षद सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर वर्मा ने समीक्षा के दौरान अधोसंरचना मद से संचालित शौचालय एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधोसंरचना मद से 29 कार्य स्वीकृत है। इन 29 कार्यों में से 21 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 8 कार्य स्थल विवाद के कारण प्रारंभ नहीं हो सके हैं। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिया कि अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर विवाद का शीघ्र निराकरण करें और कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने

स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर ने राज्य प्रवर्तित मद के तहत निर्माणाधीन मुक्तिधाम की जानकारी लेते हुए वहां हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण एवं गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम तक पहुंचने में आ रही सड़क समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर वर्मा ने पिपरिया में स्वीकृत लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि अस्पताल निर्माण के लिए शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ किया जाए। तहसील भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसान सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसान रेस्ट हाउस के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी वार्डों में नियमित पानी उपलब्ध कराया जाए।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना डोंगरगढ़ द्वारा शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय विशाल फैमिली रेस्टोरेंट में रखा गया था। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह के निर्देशानुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना डोंगरगढ़ विकासखंड का गठन किया गया। जिसमें संस्था की संरक्षिका रानी साहिबा श्रीमती कैरोलीन सिंह एवं श्रीमती भावना सिंह अध्यक्ष श्रीमती नीति सिंह उपाध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह सचिव श्रीमती नेहा सिंह राजपूत कोषाध्यक्ष श्रीमती राणा मोना सिंह चुने गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह जी अध्यक्षता श्रीमती किरण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती निरीक्षा राठौर कार्यकारिणी सदस्य दुर्ग

राजनांदगांव जिला अध्यक्ष श्रीमती अनामिका सिंह गौतम

श्रीमती अंजू सिंह अध्यक्ष कबीरधाम जिला ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रचलित कर किया गया । इस अवसर पर श्रीमती सुषमा सिंह ने कहां की वर्तमान में यूजीसी जैसे काले कानून लाकर स्वर्ण समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है साथ ही वर्तमान में सर्व समाज आपसी भाईचारे से रहकर प्रदेश एवं देश के विकास में कार्यरत है ऐसे में सभी समाजों को आपसी मतभेद पैदा करने वाले नियम लाकर सभी समाजों में फूट डालने का कार्य होता है तो इसका विरोध सभी को करना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में श्रीमती वीणा सिंह श्रीमती शशि सिंह श्रीमती जयनींदनी सिंह श्रीमती श्वेता सिंह श्रीमती दुर्गा ठाकुर श्रीमती वंदना सिंह श्रीमती शेफाली सिंह श्रीमती कीर्ति सिंह श्रीमती सुचित्रा कलचुरी श्रीमती ममता सिंह श्रीमती नीलू सिंह श्रीमती भारती सिंह श्रीमती चंद्रिका सिंह श्रीमती लीना सिंह श्रीमती रूबी सिंह श्रीमती सुनीता सिंह श्रीमती श्वेता चौहान श्रीमती मिताली सिंह श्रीमती रोशी सिंह एवं बड़ी संख्या में क्षत्रिय वीरांगनाएं उपस्थिति रही।

नया ढाबा में पानी की समस्या, महापौर ने मौका मुआयना कर सिंटेक्स टंकी लगाने तथा प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी सप्लाई के दिये निर्देश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वार्ड नं. 4 के नया ढाबा में पानी की समस्या पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित तकनीकि अधिकारियो के साथ पेयजल प्रभावित स्थल में जाकर नागरिको से रूबरू हो उनसे पेयजल समस्या के संबंध में चर्चा कर निराकरण हेतु अधिकारियो को वैकल्पिक व्यवस्था करने निर्देशित किए।महापौर श्री मधुसूदन यादव से नया ढाबा वासियो ने कहा कि नल में पर्याप्त पानी नही आता है, टैंकर से पानी सप्लाई की जाती है, कुछ दिनो से नियमित टैकर भी नही आ रहा है। महापौर ने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि पानी समस्या निवारण हेतु प्रभावित क्षेत्र में सिंटेक्स टंकी लगावे तथा उसमें टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पानी भरे, जिससे प्रभावित क्षेत्रवासियो को पर्याप्त पानी मिल सके। उन्होंने पंचायत भवन के पास बोर खनन के निर्देश दिए तथा बरबट्टी कुँआ से पंप के माध्यम से नया ढाबावासियो को जल प्रदाय करने कहा। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से भी पेयजल आपूर्ति करने कहा। उन्होनें कहा कि इस प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था से पानी समस्या का निराकरण हो सकेगा। महापौर श्री यादव ने अधिकारियो से कहा कि अपने अपने प्रभावित वार्ड में पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सिंटेक्स टंकी या टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करे। टंकी पूरी भरने के पश्चात ही वाल्व खोले, पानी का अपव्यय न हो इसका विशेष ध्यान रखे, वार्डों के हैण्ड पंपों का आवश्यकता अनुसार मरम्मत करे। उन्होंने मोटर प्रतिपालन विभाग के प्रभारी से कहा कि सभी टैंकर दुरूस्त रखकर वार्डों में लगे सिंटेक्स टंकी को समय समय पर भरे, आवश्यकतानुसार टैंकर से पानी सप्लाई करे। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि कम पानी आने या पानी नही आने की शिकायतो को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता से उसका समाधान करें। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपलान अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, मोटर प्रभारी श्री सुरेन्द्र सावे, फिटर श्री टेमन ठाकुर सहित जल विभाग का अमला उपस्थित था। महापौर मधुसूदन यादव महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित जुलुस में शामिल होकर जैन समुदाय को जयंती की दी बधाई राजनांदगांव 31 मार्च। महापौर श्री मधुसूदन यादव आज प्रात: जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जुलुस में शामिल होकर जैन समुदाय के लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दी। महापौर श्री यादव महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित जन कल्याण रैली में शामिल हुई और जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि जैन धर्म

के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी ने जीवन भर लोगों को सत्य, और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी एवं आपस में प्रेम भाव से मिलजुल कर रहने की सलाह दी साथ ही पशुबलि, जातिगत भेदभाव आदि की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी अहिंसा और त्याग की मूर्ति थे, हमें उनके द्वारा बताये सिद्धांतों को आत्मसात करना है और उन पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना है।

nandgaon times april-01-3.qxd 3/31/2026 11:57 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) तंबाकू उद्योग में भारत का स्थान क्या है?
2) डेजर्ट नाइट नामक त्रिपक्षीय वायु युद्ध अभ्यास में किन देशों ने भाग लिया?
3) प्रयागराज में 2025 के महाकुंभ के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश में नव घोषित जिले का नाम क्या है?
4) हाल ही में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने बौद्ध भिक्षुओं और विद्वानों का सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया?
5) रुग्रिकोडा बीच, जो हाल ही में खबरों में था, किस राज्य में स्थित है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) दूसरा (2) भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (3) महाकुंभ मेला (4) कोलंबो, श्रीलंका (5) आंध्र प्रदेश

झेरिया यादव समाज का तहसील स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं संगोष्ठी सम्पन्न

शिक्षा के साथ सामाजिक कुरीतियो एवं बुराईयो को दूर करने से होगा सामाजिक विकास एवं बदलाव- अनिल मानिकपुरी

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। ब्लाक के ग्राम ढाढूटोला में रविवार को झेरिया यादव समाज की तहसील इकाई की वार्षिक संगोष्ठी एवं सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुएं, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की कोई भी समाज का विकास संगठन की मजबूती के साथ साथ शिक्षा के विकास एवं सामजिक कुरीतियो एवं सामाजिक बुराईयो को दूर करके ही किया जा सकता है। उन्होने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज की भावी पीढी को शिक्षित करने का आहवान किया। झेरिया यादव समाज के वार्षिक संगोष्ठी, बैठक एवं सम्मेलन में अविभाजीत राजनांदगांव जिला से अलग अस्तित्व में आए दो नवीन जिला एवं राजनादगांव जिले के सामजिक पदाधिकारी गण एवं समाज की माताए एवं बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मुख्य आतिथ्य एवं झेरिया यादव समाज के तीन जिला के सयुक्त अध्यक्ष जेआर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य शेश्वरी ध्रुवे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पार्षद मुकेश सिन्हा, जनपद सदस्य देवकी यादव, पार्षद ऊषा यादव, सेवक यादव उपस्थित थे। वार्षिक संगोष्ठी एवं सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना एवं शोभा यात्रा से हुआ। वार्षिक सम्मेलन में समाज के पदाधिकारियो के परिचय के बाद वर्ष भर में समाज के विकास के लिए किए गए कार्यों एवं आय व्यय पर चर्चा हुआ तथा भविष्य की कार्ययोजना को सामने रखा गया। संगोष्ठी एवं बैठक में समाज के स्वजातिय बंधुओ और माताओ को समाज के नियमो की जानकारी समाज के प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक देवकुमार यादव द्वारा दी गई। बैठक में स्थानीय स्तर पर आई सामाजिक

समस्याओं का निराकरण भी किया गया। वार्षिक सम्मेलन एवं संगोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य शेश्वरी ध्रुवे एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढने का संदेश दिया तथा बेटे एवं बेटियो को पढाने एवं आगे बढाने में कोई भेदभाव नही करने की सीख दी। समाज के अध्यक्ष जेआर यादव ने समाज की मजबूती के लिए नशापान से दूर रहने एवं सगठित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अंबागढ चौकी ब्लाक के अलावा राजनादगांव, खैरागढ छुईखदान गंडई एवं मोहला मानपुर अंबागढ चैकी जिले के विभीन्न गांवो से आए सामाजिक पदाधिकारी व स्वजातीय जन बडी संख्या में शामिल हुए।

वरिष्ठजनो का हुआ सम्मान

झेरिया यादव समाज के वार्षिक सम्मेलन व संगोष्ठी में समाज के विकास तथा मजबूती के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले बुजुर्गों एवं वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियो का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियो में समाज का नाम बढाने वाले प्रतिभावान तथा होनहार बच्चो को भी पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ जनो को शॉल श्रीफल एवं मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया।

बच्चो ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतिया

झेरिया यादव समाज के वार्षिक संगोष्ठी एवं सम्मेलन में समाज के मेधावी बच्चो ने एक से बढकर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में बच्चो द्वारा प्रस्तुत किए गए राउत नाचा में सामाजिक जन झूमते गाते व नाचते नजर आए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियो के दौरान कार्यक्रम स्थल में सामाजिकजन के अलावा बडी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए। जो कार्यक्रम के अंत तक मंच से जुडे रहे। कार्यक्रम के अंत में गीत, नृत्य प्रस्तुत करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया।

पढाई डिग्री एवं नौकरी के लिए नही अच्छा इंसान बनाने के लिए हो -अनिल मानिकपुरी

झेरिया यादव समाज के वार्षिक सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की पढाई डिग्री एवं नौकरी के लिए नही बल्कि एक अच्छा इंसान बनाने के लिए होनी चाहिए। नगर अध्यक्ष ने कहा की हम कितनो भी डिग्रिया हासिल कर ले और बड़े से बड़े ओहदे पर पहुंच जाए और यदि हम एक अच्छे इंसान न बन पाए तो हमारी नौकरी व पढाई एवं डिग्रियों पर लानत है। इसलिए कोशिश होनी चाहिए की हम अपने बच्चो को एक अच्छा इंसान बनाए। यदि हम ऐसा कर पाए तो हमे अपने जीवन को खुशहाल बनाने में कोई रोक नही सकता।

डोंगरगढ़ महाविद्यालय में एक दिवसीय पक्षी प्रशिक्षण सम्पन्न, 22 से अधिक प्रजातियों की पहचान

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 27 मार्च 2026, शुक्रवार को एम.एस.सी.

प्राणीशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त नियमित छात्र-छात्राओं हेतु अतावी कालेज कैम्पस अंतर्गत बर्ड वाल्क एक दिवसीय पक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, विज्ञान संकायाध्यक्ष श्री अविनाश सिंह के मागदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय पक्षियों की पहचान, उनके प्राकृतिक आवास तथा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पक्षी विशेषज्ञ श्री प्रतीक ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में पक्षियों के प्राकृतिक आवास, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा हमारे आसपास पाए जाने वाले विभिन्न पक्षियों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैव विविधता के संरक्षण में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर में पक्षी अवलोकन भी कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लगभग 22 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को देखा एवं उनकी पहचान की। इस दौरान स्पॉटेड डव, रॉबिन, सनबर्ड, बुलबुल, ब्लैक ड्रोंगो, इंडियन ब्रेस्टेड प्रजातियां, बी-ईटर, कॉमन मैना, स्पैरो आदि प्रमुख पक्षी देखे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, प्राणीशास्त्र विभाग से अतिथि व्याख्याता डॉ. गोकुल प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार धृतलहरे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पक्षियों से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घरों के सपनों के साथ आजीविका, सम्मान और आत्मनिर्भरता भी हो रहे सुनिश्चित

पदमराज सिंह ठाकुर

कृबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल करते हुए पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। राज्य ने न केवल सर्वाधिक आवास निर्माण पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है, बल्कि मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। इस उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने हर्ष जताते हुए प्रदेशवासियों एवं हितग्राहियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत छत्तीसगढ़ ने 'एसएनए स्पर्श' के माध्यम से देश में सर्वाधिक व्यय कर उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन का भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2016 में योजना के प्रारंभ से अब तक एक ही वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक आवास निर्माण का रिकॉर्ड भी इसी वर्ष दर्ज किया गया है, जो राज्य की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आवास से आजीविकाज् के अभिनव प्रयास के अंतर्गत निर्माण सामग्री की आपूर्ति से हजारों महिलाओं को रोजगार मिला है। जिसमें रोजगार पाकर 9000 से अधिक बिहान दीदियाँ च्लखपति दीदीज्ज् बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। इसके साथ ही इस वर्ष 6000 से अधिक राजमिस्त्रियों को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो देश में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि इन प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों में 1400 महिलाएँ एवं 400 से अधिक आत्मसमर्पित नक्सली भी शामिल हैं, जो मुख्यधारा में जुड़कर विकास की नई कहानी लिख रहे हैं। पीएम आवास ग्रामीण के हितग्राहियों को स्थायी आजीविका से जोड़ने हेतु महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत कार्य भी कराए गए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

महादेव हिरवानी ने वार्डवासियों के सहयोग से 20 मई 1991 को मंदराजी लोक सांस्कृतिक संस्था कन्हारपुरी के रूप साकार किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लोककला के 'नाचा विधा' के पुरोधा दाऊ मंदराजी के कर्मभूमि कन्हारपुरी वार्ड नं 34 राजनांदगांव में सर्वप्रथम उनके कला के स्मृतियों को संजोने का संकल्प प्रसिद्ध रंगकर्मी निर्देशक स्व.श्री प्रमोद शर्मा, संचालक- प्रेमलाल साव, अध्यक्ष- मोतीलाल हिरवानी, संगीतकार-चतुरसिंह बजरंग व गायक-महादेव हिरवानी ने वार्डवासियों के सहयोग से 20 मई 1991को मंदराजी लोक सांस्कृतिक संस्था कन्हारपुरी के रूप साकार किया। साथ ही प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर के गायक व संगीतकार बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्व. देवीलाल नाग द्वारा उनके प्रतिमा का अनावरण किया गया था। तब से अब तक सतत रूप से उनके जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 1अप्रेल को मंदराजी महोत्सव स्थानीय सहयोग से कन्हारपुरी में मनाने का क्रम जारी है। 'पुरखा के सुरता' को जनमानस के बीच संजोने की कड़ी में कन्हारपुरी-रेंगनी नाच पार्टी के संस्थापक,संचालक,संगीतकार स्व.दाऊ टहलसिंह बजरंग कन्हारपुरी व प्रसिद्ध हारमोनियम वादक स्व.दुलारसिंग उर्फ खोरबाहरा निर्मलकर ,चंदैनी गोंदा के संगीतकार खुमानलाल साव एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी व संगीत निर्देशक स्व. देवीलाल नाग को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कलायात्रा को एक नया आयाम देने का प्रयास संस्था द्वारा किया जा रहा है इस वर्ष विशेष रूप से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका श्रीमती रजनी रजक(ढोला मारू) भिलाई, रेंगरसिया जोड़ीदार नाच पार्टी लखनपुरी चारामा, वैष्णवी रंगारी लखोली, कायाखण्डी चिकारा भजन सुरगी, माँ सरस्वती भजन मंडली कन्हारपुरी भजन की प्रस्तुति होनी है। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र बजरंग द्वारा दी गई।

जिलें में 01 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का होगा आयोजन

जिले के ग्राम पंचायतों सहित सभी तहसील कार्यालय मुख्यालयों में होगा राजस्व पखवाड़ा, 3 चरणों में होगा राजस्व पखवाड़ा, समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

पदमराज सिंह ठाकुर

कृबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजित होगा। इस राजस्व पखवाड़ा में कबीरधाम जिले में सभी 8 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अतंर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया है। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लभान्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के

निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

धर्म समाचार....

2 अप्रैल को हनुमान प्रकट उत्सव : चैत्र पूर्णिमा पर नदी स्नान और दान-पुण्य करने की परंपरा

चैत्र मास की पूर्णिमा इस साल गुरुवार, 2 अप्रैल को पड़ रही है और इसी दिन चैत्र मास का समापन भी होगा। इसके अगले दिन यानी शुक्रवार (3 अप्रैल) से वैशाख मास की शुरुआत होगी। इस तिथि पर हनुमान जी का प्रकट उत्सव भी मनाया जाता है। मान्यता है कि त्रेतायुग में चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के अंशावतार हनुमान जी माता अंजनी और वानरराज केसरी के यहां प्रकट हुए थे।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, चैत्र पूर्णिमा, हनुमान प्रकट उत्सव और गुरुवार के योग में भगवान विष्णु, श्रीराम, हनुमान जी के साथ गुरु ग्रह की विशेष पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही इस तिथि पर भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़ने और सुनने की भी परंपरा है। चैत्र पूर्णिमा के दिन किए गए दान-पुण्य से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। अक्षय पुण्य का अर्थ है ऐसा पुण्य, जिसका प्रभाव जीवनभर बना रहता है। इसलिए इस दिन जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाना चाहिए। अपनी क्षमता के अनुसार धन, अन्न, वस्त्र, जूते-चप्पल का दान करना चाहिए।

सूर्य पूजा के साथ करें दिन की शुरुआत

चैत्र पूर्णिमा पर सूर्य देव की पूजा के साथ दिन की शुरुआत करनी चाहिए। सुबह जल्दी उठें, तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए और ऊँ सूर्यांय नम: मंत्र का जप करना चाहिए। जिन लोगों की कुंडली

में सूर्य की स्थिति कमजोर होती है, उन्हें इस दिन तांबे के बर्तन, गुड़ आदि का दान करना चाहिए। ज्योतिष की मान्यता है कि सूर्य पूजा से आत्मविश्वास बढ़ता है।

भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का करें अभिषेक

चैत्र पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विशेष रूप से की जाती है। केसर मिले दूध से भगवान का अभिषेक करें। तुलसी के साथ मिठाई अर्पित करें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। भगवान विष्णु के अवतार सत्यनारायण की कथा भी पढ़-सुन सकते हैं।

पंचदेवों की करें पूजा

इस दिन पंचदेव की पूजा करने का भी विधान है। पंचदेव में भगवान शिव, गणेश, विष्णु, देवी दुर्गा और सूर्य देव शामिल हैं। इन सभी देवताओं की पूजा करने से जीवन में संतुलन और सफलता मिलती है। अपने इष्ट देव के मंत्रों का कम से कम 108 बार जप करना चाहिए। जैसे श्री गणेशाय नम:, ऊँ नम: शिवाय, कृं कृष्णाय नम:, सीता-राम, राधा-कृष्ण और ऊँ रामदूताय नम: जैसे मंत्र और नामों का जप कर सकते हैं।

शिवलिंग पर चढ़ाएं बिल्व पत्र

पूर्णिमा पर भगवान शिव की भी पूजा कर सकते हैं। शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल अर्पित करें और ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें। पूजा में बिल्व पत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन और जनेऊ अर्पित करें। भगवान को मिठाई का भोग लगाएं और दीपक जलाकर आरती करें।

बाल गोपाल को लगाएं माखन-मिश्री का भोग

घर में विराजित भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, बाल गोपाल का दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिला दूध भरकर अभिषेक करना चाहिए। अभिषेक के बाद उन्हें नए वस्त्र पहनाएं और फूलों से श्रृंगार करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ अर्पित करें और कृं कृष्णाय नम: मंत्र का जप करें।

जल्द बजने वाली है बैंड-बाजा और बारात! अप्रैल-मई 2026 में शादी के केवल इतने ही दिन हैं शुभ

हिंदू धर्म में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार माना जाता है, जिसे शुभ मुहूर्त में करना बहुत जरूरी होता है। साल 2026 के शुरुआती महीनों में खरमास और ग्रहों की स्थिति के कारण मांगलिक कामों पर विराम लगा हुआ था, लेकिन अब शहनाइयों की गूंज सुनाई देने वाली है, क्योंकि अप्रैल और मई के महीने विवाह के लिए बहुत ही शुभ संयोग लेकर आ रहे हैं। ऐसे में अगर आप या आपके परिवार में कोई भी शादी की योजना बना रहे हैं, तो आइए यहां दिए हुए शुभ मुहूर्त पर एक नजर डालते हैं।

कब खत्म होगा खरमास ?- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास लग जाता है, जिसमें कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता। 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास खत्म हो जाएगा। इसके बाद से ही मांगलिक कामों की शुरुआत हो जाएगी।

अप्रैल 2026 विवाह के शुभ मुहूर्त- अप्रैल के महीने में शादी के लिए कई शुभ तिथियां हैं। खासकर 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त है, जिसमें बिना पंचांग देखे विवाह किए जा सकते हैं।

शुभ तिथियां - 15, 19, 20, 21, 25, 26, 27 और 29 अप्रैल।

मई 2026 शादी की तिथियां- मई का महीना भी शादियों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। इस दौरान गुरु और शुक्र की स्थिति अनुकूल रहने से वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है।

शुभ तिथियां - 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13 और 14 मई।

जल्द शादी के लिए ज्योतिषीय उपाय- मां कात्यायनी की पूजा - जिन लोगों के विवाह में देरी हो रही है, उन्हें प्रतिदिन 'कात्यायनी महामाये' मंत्र का जाप करना चाहिए। गुरुवार का व्रत - भगवान विष्णु को पीले फूल और चने की दाल अर्पित करें। साथ ही केले के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाएं और घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से जल्द विवाह के योग बनते हैं।

nandgaon times april-01-3.qxd 3/31/2026 11:57 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

योजनाओं के दावों पर नजूल की दीवार: छुईखदान में न पीएम आवास का लाभ, न जिला बनने का असर

जमीन की श्रेणी में उलझे सैकड़ों परिवार, प्रशासनिक सुविधाओं से भी वंचित क्षेत्र

छुईखदान/ खैरागढ़-छुईखदान-गंडइ(नांदगांव टाइम्स)। केंद्र और राज्य सरकार जहां एक ओर गरीबों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को मिशन मोड में चला रही हैं, वहीं छुईखदान नगर पंचायत में यह योजना जमीनी सच्चाई से जूझती नजर आ रही है। यहां के अधिकांश क्षेत्र नजूल भूमि में आने के कारण सैकड़ों पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हैं।

किस जमीन पर मिलता है योजना का लाभ?

सरकारी नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ केवल उन्हीं हितग्राहियों को मिल पाता है जिनके पास:

- आबादी भूमि पर वैध निवास , स्वामित्व या पट्टा संबंधी दस्तावेज , या सरकार द्वारा नियमित (रेगुलराइज) की गई जमीन

इसके विपरीत, नजूल भूमि या विवादित जमीन पर रहने वाले लोगों को तब तक लाभ नहीं मिल पाता, जब तक उस भूमि का नियमितीकरण न किया जाए।

छुईखदान में क्यों अटक रही है योजना?

छुईखदान में बड़ी संख्या में लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन जमीन नजूल श्रेणी में दर्ज होने के कारण उनके पास वैध मालिकाना हक नहीं है। यही वजह है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के दायरे से बाहर हो रहे हैं।

जिला बना, पर नहीं बदली तस्वीर

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला घोषित किए जाने के बाद भी छुईखदान क्षेत्र को अपेक्षित प्रशासनिक सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। यहां अब तक एक भी प्रमुख जिला स्तरीय सरकारी कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है, जिससे आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अन्य स्थानों का रुख करना पड़ता है।

दोहरी मार झेल रहे लोग

एक ओर आवास योजना का लाभ जमीन की तकनीकी बाधाओं में फंसा हुआ है, वहीं दूसरी ओर जिला बनने के बावजूद विकास और प्रशासनिक पहुंच का अभाव बना हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों में निराशा बढ़ रही है।

समाधान की उम्मीद

स्थानीय नागरिकों और जानकारों का मानना है कि यदि सरकार नजूल भूमि का नियमितीकरण कर उसे आबादी भूमि में परिवर्तित करे और छुईखदान में जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएं, तो क्षेत्र की स्थिति में बड़ा सुधार संभव है।

जनता की मांग

छुईखदान के लोगों ने सरकार से मांग की है कि नजूल भूमि की समस्या का जल्द समाधान किया जाए और योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, ताकि ज्जिलाज्ज् बनने का अर्थ केवल कागजों तक सीमित न रह जाए। अब देखना होगा कि सरकार इन मुद्दों पर कब ठोस पहल करती है और छुईखदान को योजनाओं व विकास का वास्तविक लाभ कब तक मिल पाता है।

रायपुर-चंदखुरी पुलिस अकादमी में उप निरीक्षक संवर्ग का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में उप निरीक्षक संवर्ग का भव्य दीक्षांत

समारोह (पासिंग आउट परेड) आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर प्रशिक्षुओं की अनुशासनबद्ध प्रस्तुति की सराहना की तथा सलामी ली। प्रशिक्षण पूर्ण कर राष्ट्रसेवा के लिए तत्पर 859 अधिकारी, सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी की प्रतिबद्धता, अनुशासन और समर्पण से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। पुलिस बल समाज में विश्वास और सुरक्षा का आधार है, और नए प्रशिक्षित अधिकारी इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर दीपशिखा सिन्हा, पिता भोला राम सिन्हा, निवासी चिखली, जिला राजनांदगांव की उपलब्धि भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर दीक्षांत समारोह में सहभागिता की। समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशिक्षकगण, परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई विदाई

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। गत दिनों जिला केसीजी के जिला शिक्षा अधिकारी श्री लाल जी द्विवेदी को 31 मार्च को सेवानिवृत होने पर

जिले के प्राचार्यों द्वारा खैरागढ़ के विज्ञान भवन में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उच्च वर्ग शिक्षक से सेवा आरंभ करने वाले सरल, सहज व कुशल व्यक्तित्व के धनी श्री द्विवेदी कन्या शाला डोंगरगढ़ में प्राचार्य एवं छुरिया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर रहे । वे समय पर कार्य पूर्ण करना व जानकारी प्रदान करना अपना प्रमुख दायित्व समझते थे साक्षरता, उल्लास के क्षेत्र में भी उन्होंने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर विक्टोरिया स्कूल के प्राचार्य श्री अनुराग सिंह, अनिल पाल, रविंद्र चावड़ा,सीताराम पाल , पवन ददरया, नारायण कामडे, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्राचार्य गण उपस्थित थे। श्री द्विवेदी जी को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया,साथ ही स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

हनुमान जन्मोत्सव पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विगत 12 वर्षों से हनुमान जयंती आयोजन समिति जय स्तंभ चौक द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष भी हनुमान जयंती आयोजन समिति के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन एकदिवसीय हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसके तहत 1 अप्रैल बुधवार को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाली जाएगी आयोजन समिति के श्री झम्मनलाल देवांगन एवं श्री राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा विगत 12 वर्षों से मनाई जा रही है इस वर्ष भी यह आयोजन किया जा रहा है समिति के पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव की पूर्व संध्या अर्थात अर्थात 1 अप्रैल को दिन बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार के आयोजनों को रखा गया है । शोभा यात्रा में धुमाल पार्टी रंग तरंग सजीव झांकी सहित रंग तरंग ब्लास्ट फ्लाई फ्लावर डेकोरेशन राउत नाचा पंथी मादरी नृत्य बैंड पार्टी और भजन इत्यादियों के साथ में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा का जो रूट - सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी स्कूल के गांधी सभागृह से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो गुरुद्वारा चौक मानव मंदिर चौक वहां से गांधी चौक गांधी चौक से दुर्गा चौक बसंतपुर थाना होते हुए सदर बाजार होते हुए भारत माता चौक वहां से तिरंगा चौक और तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग रामाधीन मार्ग से सुरजन गली कामठी लाइन होते हुए पुन: भारत माता चौक भारत माता चौक से आजाद चौक और आजाद चौक से गुडाकू लाइन में प्रवेश कर जुनी हटरी होते हुए जय स्तंभ चौक वहां से जी रोड जाकर महावीर चौक होते हुए पुन: गांधी सभागृह म्युनिसिपल स्कूल में शोभायात्रा का विसर्जन होगा इसके पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा वहां पर महाप्रसादी का वितरण भी किया जाएगा हनुमान जयंती आयोजन समिति के प्रमुख झम्मन देवांगन राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान जी की शोभायात्रा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है उन्होंने नगर के समस्त समाज प्रमुख और नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के साथियों से अपील की है की शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन विगत 12 वर्षों से शासन प्रशासन निगम प्रशासन पुलिस प्रशासन सामाजिक संगठनों धार्मिक न्यायाधीशों सामाजिक संस्थाओं सहित भक्तों के सहयोग से आयोजित हो रहा है आयोजन समिति ने समस्त नगर वासियों सहित क्षेत्र के लोगों को उक्त 1 अप्रैल दिन बुधवार के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है

शोभायात्रा में दिखती है संस्कारधानी के संस्कार- हनुमान जन्मोत्सव आयोजन के तहत शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के दौरान संस्कारधानी के संस्कार लक्षण होते हैं शोभा यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न सामाजिक धार्मिक समाज सेवी संस्थाओं द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत करते हुए भक्तों के जलपान की व्यवस्था की जाती है । इसमें सभी धर्म संप्रदाय संगठनों जनप्रतिनिधियों की सहभागिता प्रमुख रूप से होती है।

महावीर अब लेखन और भाषण तक सीमित - म.सा. रजतमणि

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। स्थित स्थानक जैन भवन में विराजमान मुनि श्री रजतमणि जी महाराज एवं उनके संघ ने सकल जैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद विषय है कि भगवान महावीर के सिद्धांत आज केवल लेखन और भाषण तक सीमित रह गए हैं। उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने वाले लोग बहुत कम रह गए हैं। उन्होंने कहा कि लोग भगवान महावीर के उपदेशों को भूलते जा रहे हैं और भोग-विलास में अधिक डूबते जा रहे हैं। उदाहरण देते हुए मुनि श्री ने बताया कि एक व्यक्ति प्रदर्शनी में एक महिला की तस्वीर 50,000 रुपये में खरीद लेता है, लेकिन जब वही व्यक्ति बाहर निकलता है तो एक गरीब भिखारी महिला उसके सामने 5 रुपये की मदद मांगती है, जिसे वह अनदेखा

पालकी में निकले भगवान महावीर

कर आगे बढ़ जाता है। भिखारी महिला कहती है कि च्बाबूजी, यह मेरी ही पुरानी तस्वीर है।ज्ज् यह उदाहरण समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को दर्शाता है। मुनि श्री ने जैन समाज में शादियों के दौरान होने वाले अनावश्यक दिखावे और खर्च पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। सादगी और संस्कारों को प्राथमिकता देना ही सच्चा धर्म है। बच्चों में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर उन्होंने कहा कि जब तक माता-पिता स्वयं में परिवर्तन नहीं लाएंगे और दिनभर मोबाइल में व्यस्त रहेंगे, तब तक बच्चे भी उसी मार्ग पर चलेंगे और उनके संस्कार प्रभावित होंगे। 30 मार्च (तेरस) को दिगंबर जैन समाज द्वारा चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ महावीर जयंती मनाई गई। वहीं 31 मार्च को नगर में सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपाली जैन की भोपाल निवासी माता श्रीमती शशिकिरण जैन द्वारा दान की गई भव्य पालकी रही, जिसमें भगवान महावीर स्वामी को विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा, अभिषेक, पूजन एवं प्रवचन कार्यक्रमों में जैन समाज के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे नगर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

उदयाचल की वर्ष 2026 - 27 की कार्यकारिणी का गठन किया गया है

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।। राज्य की अग्रणी सेवाभावी

संस्था, विशाल नेत्र चिकित्सालय एवं अन्य चिकित्सकीय सेवाओं के लिए प्रसिद्ध उदयाचल की वर्ष 2026 - 27 की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक जिला पुस्तक विक्रेता संघ, अध्यक्ष अग्रवाल सभा, जिलाध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ, जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, पूर्व जिलाध्यक्ष छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, पूर्व अध्यक्ष त्रिनेत्र संचालन समिति श्री शरद अग्रवाल को उदयाचल संरक्षक मंडल ने पुन: सांस्कृतिक प्रभारी का दायित्व सौंपा है। श्री शरद अग्रवाल पूर्व में भी उदयाचल भवन, बक्शी पुस्तकालय, सांस्कृतिक, त्वचा रोग आदि का प्रभार ग्रहण कर चुके हैं। इष्टमित्रों तथा शुभचिंतकों ने इस उपलब्धिपूर्ण दायित्व का प्रभार मिलने पर श्री शरद अग्रवाल को बधाइयां प्रेषित की है। श्री शरद अग्रवाल ने संरक्षक मंडल का आभार व्यक्त किया।

जय महावीर के नारों से गूंज उठा शहर

राजनांदगांव। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन आज शहर में बरघोड़ा निकाला गया और पूरा शहर जय महावीर के नारों से गूंज उठा। सकल जैन समाज द्वारा आज महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 6:00 बजे प्रभात फेरी निकाली गई उसके बाद सुबह 9:00 बजे बरघोड़ा निकला जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्डा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन समिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद , सचिव गौतम बाफना ,सहसचिव अतिन जैन,

भगवान महावीर जयंती पर निकला बरघोड़ा

कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े जीवन बैद, ललित भंसाली,भावेश बैद एवं रोशन गोलछा ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत 27 मार्च से विविध धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। 30 मार्च को सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप जैन बगीचे में हजारों लोगों ने एक साथ किया। लोगों ने विश्व शांति की कामना की। संध्या को विभिन्न जैन संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लुत्फउठाया। इस दौरान जैन बगीचा प्रांगण लोगों से खचाखच भरा रहा। आज अंतिम दिवस सुबह 6:00 बजे जैन मंदिर प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में भी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 9:00 बजे जैन मंदिर प्रांगण से बरघोड़ा निकला। बैंड बाजे के साथ निकला यह बरघोड़ा शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ महावीर स्तंभ पहुंचा जहां संघ के वरिष्ठों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद बरघोड़ा वापस जैन मंदिर पहुंचा। बरघोड़ा का जगह-जगह स्वागत हुआ। बरघोड़ा के नगर भ्रमण के दौरान भगवान महावीर पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। इसके अलावा जय महावीर का नारा भी गूंजता रहा।बरघोड़ा में भी बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

150 लोगों ने किया रक्तदान

आयोजन समिति ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में स्वामी वात्सल्य का आयोजन सुबह 11:30 बजे से जैन बगीचे में हुआ । इसी दिन यहां प्रात: 10:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 150लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शरबत वितरण हुआ ।आज ही शाम को 7:30 बजे से जैन बगीचे में भजन संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कल्पवृक्ष जिनालय में शाम 6:00 बजे महावीर स्वामी जी की आरती हुई और शाम 7:00 से जैन बगीचे में भक्ति संध्या का आयोजन हुआ । यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com